दया | by Ayush Somani

हारे हम तो हारे तुम बनो ना सहारे
हमपे दया करो, हमपे दया करो
श्याम जिसने भी तेरा नाम लिया है
गिरता ना कभी वो तूने थाम लिया है

है तेरे सामने आये हम मांगने
अर्ज़ी पे गौर दो आओ ना थामने
गिरते को उठाओ रोते को हँसाओ
हम पे दया करो श्याम अब दया करो

हम जग के सताए तेरे दर पे हैं आये
जो तू ना अपनाये बोलो कहाँ पे जाएँ
झूठी दुनिया सारी एक आस है तुम्हारी
हम पे दया करो श्याम अब दया करो

हर लेखा जगत का किस्मत के हाथ में
किस्मत को बनाना है तेरे हाथ में
लाज गोलू की सारी तेरे हाथो मुरारी
हम पे दया करो श्याम अब दया करो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-by-ayush-somani/